>

Title: Need to widen the railway over bridge on Nagpur-Mumbai Highway in Wardha city, Maharashtra.

श्री दत्ता मेघे (वर्धा): महोदया, मैं सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि मेरे चुनाव क्षेत्र वर्धा शहर में जो रेलवे का पुराना पुल है उसे चौड़ा करने की सख्त आवश्यकता है।

मेरे चुनाव क्षेत्र वर्धा शहर रेलवे स्टेशन के फ्लाई ओव्हर को चौड़ा करने की मांग कई बार कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। नागपुर-मुम्बई हाई-वे पर यह रेलवे का पुल है, जिसके नीचे से रेल गाड़ियां जाती हैं। किंतु रेलवे के पुल की चौड़ाई कम होने के बावजूद ट्रैफिक का जाम होना और दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। जिस कारण लोगों में असंतोष है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि वह वर्धा शहर की इस समस्या को जल्द से जल्द निपटाए और पुल की चौड़ाई का कार्य शीघ्रता से शुरू करे।